# गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
# Guru Jambheshwar University, Moradabad
*(A State University of Government of Uttar Pradesh)*
**Contact: 05912976525, Email: gjumoffice@gmail.com**

पत्रांक : गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 55 दिनांक : 05.01.2026

## कार्यालय ज्ञाप

कृपया विश्वविद्यालय के कार्यालय ज्ञाप सं0ः गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 3168 दिनांक 17.12.2025, कार्यालय ज्ञाप सं0ः गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 3239 दिनांक 23.12.2025, कार्यालय ज्ञाप सं0ः गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 3272 दिनांक 26.12.2025 एवं कार्यालय ज्ञाप सं0ः गु0ज0वि0वि0मु0 / प0नि0 / 2025 / 13 दिनांक 31.12.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा मुख्य परीक्षा वर्ष 2025–2026 के एन0ई0पी0 2020 से आच्छादित सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक स्तर तथा स्नातकोत्तर स्तर एवं सामान्य सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत अन्य पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के कोर्स सेलेक्शन एवं मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरने की तिथि निर्गत की गयी थी। कतिपय छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म समयान्तर्गत न भर पाने के कारण पुनः अवसर प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 05.01.2026 के अनुपालन में छात्रों के अनुरोध एवं उनके हितो के दृष्टिगत गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद से सम्बद्ध महाविद्यालयों के मुख्य परीक्षा वर्ष 2025–2026 के एन0ई0पी0 2020 से आच्छादित सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक स्तर तथा स्नातकोत्तर स्तर एवं सामान्य सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत अन्य पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के कोर्स सेलेक्शन एवं मुख्य परीक्षा के फार्म भरे जाने हेतु तिथियां निम्नवत् विस्तारित की जाती हैः–

1. कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म ऑनलाईन उपलब्ध होने की तिथि – 17.12.2025
2. छात्र / छात्राओं द्वारा कोर्स सेलेक्शन / परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि – 06.01.2026
3. महाविद्यालय द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र सत्यापित करने की अन्तिम तिथि – 06.01.2026

कोर्स सेलेक्शन एवं परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की बेबसाईट **gjum.samarth.ac.in** एवं **https://gjum.samarth.edu.in/index.php/site/login** पर उपलब्ध होंगे।

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या को निर्देशित किया जाता है कि उक्त निर्धारित तिथि तक अपने महाविद्यालय में प्रवेशित छात्र / छात्राओं का शत–प्रतिशत परीक्षा फार्म भरवाना एवं सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय प्रशासन का होगा। **छात्रहित में यह अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है तथा इसके पश्चात् किसी भी दशा में तिथि विस्तारित नहीं की जायेगी।**

शेष दिशानिर्देश, नियम एवं शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

(अमृत लाल)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. कुलसचिव, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद ।
3. वित्त अधिकारी, गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि कृपया अनुदानित महाविद्यालयों के बैंक ड्राफ्ट जमा कराने का कष्ट करें।
4. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय को अनुरोध सहित प्रेषित कि वे अपने महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं की समस्याओं का समाधान करते हुये अपने स्तर से भी छात्र / छात्राओं को सावधानीपूर्वक कोर्स सेलेक्शन कराने / परीक्षा फार्म महाविद्यालय में जमा कराने तथा उनके महाविद्यालय में सत्र 2025–26 हेतु मान्यता / सम्बद्धता प्राप्त पाठ्यकमों / विषयों के परीक्षा फार्म सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करने कष्ट करें।
5. सम्पादक, प्रमुख समाचार पत्रों को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि उक्त सूचना छात्रहित / जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।

05/1/26
परीक्षा नियंत्रक